महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

क्रमांक एफ 13 ( ) शैक्ष–प्रथम/मदसविवि/2021 दिनांक :– .02.2021

अधिसूचना

विद्या परिषद् की 63वीं बैठक दिनांक 17.07.2020 के निर्णय संख्या 04 के अनुसार विश्वविद्यालय में सत्र 2020–21 से स्नातकोत्तर स्तर के समस्त पाठ्यक्रमों में सी.बी.सी.एस. एवं आनन्दम पाठ्यक्रम लागू किये जाने तथा सी.बी.सी.एस. एवं आनन्दम पाठ्यक्रम की परीक्षा स्कीम तथा शैक्षिक योजना सभी संकायों में एक समान हो इसके लिए संकायाध्यक्ष, महाविद्यालय के संयोजकत्व में समस्त संकायाध्यक्षों की एक समिति का गठन किये जाने का निर्णय लिया गया तथा समिति की अनुशंषाओं पर निर्णय लेकर कार्यवाही करने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया ।

संकायाध्यक्षों की समिति की तीन बैठकें दिनांक 30.07.2020, 28.10.2020 एवं 22.01.2021 को आयोजित की गयी । संकायाध्यक्ष समिति की बैठक दिनांक 22.01.2021 के बिन्दु संख्या 03 पर स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के संबंध में अनुशंषा की गयी कि– **"वर्ष 2020–21 में कोविड–19 के कारण सत्र में विलम्ब हो गया है । अतः सत्र 2019–20 के पाठ्यक्रमों को यथावत ही सत्र 2020–21 हेतु लागू किया जाना प्रस्तावित है तथा सी.बी.सी.एस. सिस्टम एवं आनन्दम पाठ्यक्रम को सत्र 2021–22 से प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है ।"**

संकायाध्यक्ष समिति की बैठक दिनांक 22.01.2021 के बिन्दु संख्या 03 का अनुमोदन माननीय कुलपति महोदय द्वारा दिनांक 10.02.2021 को कर दिया गया है । अतः माननीय कुलपति महोदय के आदेश दिनांक 10.02.2021 की अनुपालना में वर्ष 2020–21 में कोविड–19 के कारण सत्र प्रारम्भ में विलम्ब हो जाने के कारण, सत्र 2019–20 के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को यथावत ही सत्र 2020–21 हेतु लागू किये जाने तथा सी.बी.सी.एस. सिस्टम एवं आनन्दम पाठ्यक्रम को सत्र 2021–22 से लागू किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

कुलसचिव

क्रमांक एफ 13 ( ) शैक्ष–प्रथम/मदसविवि/2021 3209-3608 दिनांक :– 17.02.2021

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर ।
2. समस्त विभागाध्यक्ष/प्रभारी, म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर ।
3. निदेशक, शोध, म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर ।
4. वित्त नियंत्रक/अतिरिक्त कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर ।
5. वैब एडमिनिस्ट्रेटर, म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर को प्रतिलिपि प्रेषित कर निवेदन है कि कृपया उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर अपलोड करने का श्रम करावें ।
6. समस्त उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव, म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर ।
7. प्रशासनिक सचिव–कुलपति सचिवालय, म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर ।
8. निजी सहायक–कुलसचिव, म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर ।

सहा. कुलसचिव (शैक्ष–I)

17.2.2021
4.45 PM